





राष्ट्रहित में ई-वाहनों का संकल्प

# भाजपा कार्यकर्ता ई-वाहनों और साइकिल से पहुंचे बाल भवन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 14 मई.** वैश्विक स्तर पर बढ़ते तेल संकट के बीच देश में ईंधन बचत एवं ऊर्जा संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान तेज हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने, सार्वजनिक परिवहन एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के अधिक उपयोग तथा आवश्यकता होने पर वर्क फ्रॉम होम अपनाने की अपील के बाद भारतीय जनता पार्टी ने भी इसे जनआंदोलन का स्वरूप देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर महानगर के शहर जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया के आह्वान पर गुरुवार को सिटी सेंटर स्थित बाल भवन में आयोजित जिला बैठक में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता अनूठे अंदाज में पहुंचे। राष्ट्रहित एवं ऊर्जा संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से कार्यकर्ता इलेक्ट्रिक स्कूटर, ई-रिक्शा, इलेक्ट्रिक ऑटो और साइकिल के माध्यम से बैठक स्थल तक पहुंचे। इस दौरान भाजपा नेताओं ने आमजन से भी अपील की कि देशहित में अनावश्यक रूप से पेट्रोल और डीजल वाहनों का उपयोग कम करें तथा जहां संभव हो वहां इलेक्ट्रिक वाहनों, साइकिल, और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दें। भाजपा नेताओं ने कहा कि भारत जैसे विशाल देश में यदि प्रत्येक नागरिक थोड़ी-थोड़ी ऊर्जा बचत का संकल्प ले तो तेल संकट जैसी चुनौतियों का प्रभाव काफी हद तक कम किया जा सकता है। बैठक में जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया स्वयं साइकिल चलाकर बाल भवन पहुंचे और कार्यकर्ताओं को ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया। पूर्व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ई-रिक्शा से पहुंचे, जबकि प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर स्कूटर से कार्यक्रम स्थल पहुंचे। निगम सभापति मनोज तोमर इलेक्ट्रिक कार से पहुंचे वहीं पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अभय चौधरी ने भी ई-रिक्शा के माध्यम से कार्यक्रम में सहभागिता की। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार देशवासियों से आत्मनिर्भरता, ऊर्जा बचत और विदेशी तेल पर निर्भरता कम करने का आह्वान कर रहे हैं।

हाल ही में प्रधानमंत्री ने लोगों से आवश्यकता पड़ने पर वर्क फ्रॉम होम अपनाने, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग बढ़ाने और इलेक्ट्रिक वाहनों को प्राथमिकता देने की अपील की थी। केंद्र सरकार ने भी स्पष्ट किया है कि फिलहाल देश में ईंधन की कोई कमी नहीं है, लेकिन वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए ऊर्जा संरक्षण समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाओ का संकल्प लेते हुए आमजन को भी पर्यावरण संरक्षण एवं ईंधन बचत के लिए जागरूक करने का निर्णय लिया। बैठक में मातृ शक्ति, युवा मोर्चा, विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, पार्षद, पूर्व पार्षद, शक्ति केंद्र टोली एवं बूथ समिति के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## इन्होंने क्या कहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि पेट्रोल और डीजल की अनावश्यक खपत को कम करे। इलेक्ट्रिक वाहन, सार्वजनिक परिवहन और साइकिल का उपयोग बढ़ाकर हम न केवल ईंधन बचा सकते हैं बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। जरूरत के हिसाब से वाहनों का उपयोग करें जब तक यह मध्य पूर्वी देशों का तनाव कम नहीं होता तब तक ज्यादातर इलेक्ट्रिक वाहनों का ही उपयोग करें।

**प्रद्युम्न सिंह तोमर, ऊर्जा मंत्री**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशहित में की गई अपील को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा ग्वालियर महानगर द्वारा आज बाल भवन इलेक्ट्रिक गाड़ियों से पहुंचे, हमारा प्रयास है कि लोग ऊर्जा संरक्षण के महत्व को समझें और दैनिक जीवन में इलेक्ट्रिक वाहनों तथा वैकल्पिक साधनों का अधिक उपयोग करें। भाजपा कार्यकर्ता हमेशा राष्ट्रहित के हर अभियान में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं और आगे भी निभाते रहेंगे।

**जयप्रकाश राजोरिया, शहर जिला अध्यक्ष, ग्वालियर**



देशहित में ऊर्जा संरक्षण अब केवल सरकारी अभियान नहीं बल्कि जनभागीदारी का विषय बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि हर नागरिक जिम्मेदारी के साथ संसाधनों का उपयोग करे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज जिस प्रकार पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत का संदेश दिया है, उससे निश्चित रूप से आमजन में भी जागरूकता बढ़ेगी। हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण तैयार करना है।

**दिनेश बरैया, वरिष्ठ भाजपा नेता**



आज समय की मांग है कि हम ऊर्जा बचत को अपनी आदत का हिस्सा बनाएं। यदि समाज का हर वर्ग थोड़ी-थोड़ी जिम्मेदारी निभाए तो देश बड़े संकटों से आसानी से निकल सकता है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने ई-रिक्शा, इलेक्ट्रिक स्कूटर और साइकिल से पहुंचकर यह संदेश दिया है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है। आने वाले समय में इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग और अधिक बढ़ेगा।

**संजय जादौन, भाजपा नेता**



# स्वच्छता कार्य में लापरवाही पर नपेंगे संबंधित अधिकारी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 14 मई.** स्वच्छ सर्वेक्षण हमारी सबसे पहली प्राथमिकता है, स्वास्थ्य विभाग का पूरा अमला यह सुनिश्चित करे कि किसी भी मुख्य रोड पर कचरा ठिया न दिखे और सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी नाला सफाई का कार्य गंभीरता से करें। इस कार्य हेतु जो भी संसाधन आवश्यक है वह तत्काल बता दें या कहीं नाले से अतिक्रमण हटवाना है तो बता दें अन्यथा लापरवाही की स्थिति में कडी कार्यवाही की जावेगी। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए।

### निगमायुक्त ने की स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा

बाल भवन नवीन सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त श्री टी प्रतीक राव, उपायुक्त श्री मुकेश बंसल, मुख्य स्वच्छता अधिकारी डॉ वैभव श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी वर्कशॉप श्री पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव सहित सहित सभी स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, क्षेत्राधिकारी, जेडएचओ एवं डब्ल्यूएचओ उपस्थित रहे।

बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण के कार्यों की समीक्षा करते हुए चेक लिस्ट अनुसार सभी वार्डों में डिवाइडर पुताई, डस्टबिन लगाने का कार्य, कचरा ठिया के सौंदर्यीकरण का कार्य, जल स्त्रोत की सफाई का कार्य एवं सीटीपीटी में जो भी आवश्यक व्यवस्थायें करनी है उनका कार्य, सीटीपीटी के दिशा सूचक लगने का कार्य सहित अन्य आवश्यक कार्य दो दिवस में पूर्ण हो जाने चाहिए।वहीं लक्ष्मण तलैया जल स्त्रोत की सफाई न हो पाने के कारण लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में जो डब्ल्यूएचओ एवं जेडएचओ बिना सूचना अनुपस्थित रहे। उनकी कल दिनांक 15 मई को बाल भवन में परेड कराने के निर्देश दिए।




## जरूरतमंद मरीजों ने स्वास्थ्य परामर्श एवं उपचार का लाभ प्राप्त किया

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 14 मई.** लायन क्लब ग्वालियर द्वारा आयोजित नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर समाज सेवा एवं मानव कल्याण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल साबित हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में जरूरतमंद मरीजों ने स्वास्थ्य परामर्श एवं उपचार का लाभ प्राप्त किया।

शिविर में वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. राजेश गुप्ता (पूर्व चिकित्सक, पारीक हॉस्पिटल आगरा), डॉ. विनोद जैन एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मीनू गर्ग की विशेष उपस्थिति रही। उपस्थित चिकित्सकों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं उपचार प्रदान किया।

इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष लायन रामकरण पारीक, सचिव लायन विजय प्रताप सिंह भदोरिया, लायन डॉ. स्वदेश सिंह भदोरिया, लायन नरेंद्र अग्रवाल, लायन मनोज राजपाल, लायन मंगेश इंदुलकर, लायन प्रशांत सिंघल, लायन सुनील गोयल कोठी वाले, लायन पुनीत अग्रवाल, लायन दीपेंद्र दुबे, लायन रॉबिन अग्रवाल, लायन लेखराज रावल, लायन नारायण बृजवासी, लायन प्रेम सागर, लायन दीपक माहेश्वरी, लायन आर.के. खेतान, लायन शालिग्राम गोयल, लायन रिपु दमन सिंह एवं लायन मनीष गोयल सहित सभी लायन साथियों ने अपने सहयोग, समर्पण एवं सेवा भावना से कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के अथक प्रयासों से शिविर का सफल संचालन हुआ, जिससे अनेक लोगों को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हुआ। उपस्थित लोगों ने लायन क्लब ग्वालियर की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक सेवा कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य करते हैं।

### स्वच्छता का निरीक्षण, 25 कर्मचारी मिले अनुपस्थित

**ग्वालियर 14 मई।** वार्ड क्रमांक 55 स्थित नालों की सफाई व्यवस्था जानने के लिए सभापति मनोज तोमर ने आज क्षेत्र का भ्रमण किया। भ्रमण में नाले गंदे मिले, साथ ही कम्पू थाने के सामने सभापति तोमर ने कर्मचारियों की हाजिरी ली, जिसमें 25 कर्मचारी गायब मिले। सभापति ने गायब कर्मचारियों सहित एएचओ, जेडएचओ, डब्ल्यूएचओ, सुपरवाइजर के वेतन काटने के नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय को निर्देश दिए हैं। सभापति मनोज तोमर ने वार्ड क्रमांक 55 के अंतर्गत स्थित क्षेत्रीय कार्यालय का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने उपायुक्त मुकेश बंसल एवं मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव के साथ कम्पू थाने पर सभी कर्मचारियों की हाजिरी ली। हाजिरी के दौरान 25 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इनमें से एक कर्मचारी लंबे समय से अनुपस्थित चल रहा है।



# कांग्रेस ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 14 मई।** मध्यप्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के नाम पर किसानों के साथ अन्याय और आर्थिक शोषण किया जा रहा है। प्रदेश के हजारों किसान आज खरीदी केंद्रों की अव्यवस्थाओं, स्लॉट बुकिंग में देरी, भुगतान में कटौती और बैंक कर्ज के दबाव से परेशान और मानसिक रूप से प्रताड़ित हैं। कांग्रेस पार्टी इस किसान विरोधी व्यवस्था की कड़ी निंदा करती है और भाजपा सरकार से तत्काल किसानों को राहत देने की मांग करती है।

कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष हरेन्द्र गुर्जर, कार्यवाहक अध्यक्ष तरूण यादव, आशिक उस्मानी, राकेश बाथम, मेहरवान यादव ने पत्रकार वार्ता में कहा कि किसानों को कई-कई दिनों तक

### किसानों को राहत देने की माँग

स्लॉट बुकिंग नहीं मिली, जिससे गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा रहा। कई जगह किसानों को खरीदी केंद्रों के चक्कर काटने पड़े, वहीं दलाल और प्रभावशाली लोगों की फसल पहले तुलाई होती रही। जब किसानों की तुलाई हुई तो उनके खातों में पूरी राशि भेजने के बजाय 40 हजार से लेकर 1 लाख रुपये तक की रकम काट ली गई। चाहे किसान पर कर्ज हो या न हो, बिना स्पष्ट जानकारी और बिना सहमति के यह कटौती किसानों के साथ सीधा धोखा है। कांग्रेस पार्टी ने मांग मांग की है कि किसानों की गेहूं खरीदी की पूरी मूल राशि बिना किसी कटौती के एकमुश्त तत्काल उनके खातों में डाली जाए। यदि किसी प्रकार की बैंक देनदारी है तो उसकी प्रक्रिया अलग से और किसानों की सहमति से की जाए एवं आगामी खरीफ फसल के लिए पर्याप्त खाद्य, बीज की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### डिवाइडर एवं यूनीपोल लगाने के सभापति तोमर ने दिए निर्देश

**ग्वालियर 14 मई।** वार्ड क्रमांक 55 के अंतर्गत कस्तूरबा चौराहे से लेकर गुढ़ी गुढ़ा का नाका तक डिवाइडर निर्माण एवं यूनिपोल लगाने को लेकर सभापति मनोज तोमर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर उन्हें जल्द कार्य प्रारंभ करने के दिशा निर्देश दिए।

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक-एमपी07-जेडपी-7798 अशोक लीलेंड जो कि परिवहन कार्यालय में मुनब्बर खान पुत्र आजाद खान पता खुर्जे वाला मौहल्ला, जिन्सी नाला नंबर-02 लश्कर ग्वालियर के नाम से पंजीकृत है। उक्त वाहन का चैसिस नंबर-यू9038, इंजन नंबर-8319पी और मॉडल वर्ष-2024 है। उक्त वाहन को चोला मंडलम इंवेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कंपनी लिमिटेड ने अपने आधिपत्य में ले लिया है एवं स्वामित्व अंतरण हेतु आवेदन कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। अत: वाहन क्रमांक-एमपी07-जेडपी-7798 से संबंधित किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो कार्यालय में उपस्थित होकर अपना तर्क दे सकते है।

**क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय**
**सिरौल, ग्वालियर, म.प्र**

### बोरिंग के तार खुले छोड़े, नोटिस जारी

ग्वालियर 14 मई। हरिशंकर पुरम स्थित बोरिंग संधारण के बाद तार खुले छोड़ने पर उपयंत्री जलप्रदाय शंभुदयाल श्रीवास्तव को नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

# मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित, लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 14 मई.** मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर डॉ.शोभा सतीश सिंह सिकरवार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शहर विकास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर स्वीकृति प्रदान की गई।




बाल भवन स्थित टीएलसी में आयोजित बैठक में मेयर इन काउंसिल सदस्य अवधेश कौरव, नाथूराम ठेकेदार, शकील मंसूरी, श्री विनोद यादव, श्रीमती गायत्री सुधीर मंडेलिया, श्रीमती प्रेमलता धर्मेन्द्र जैन, श्रीमती उपासना यादव, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, अपर आयुक्त प्रदीप तोमर, मुनीष सिंह सिकरवार सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में नगर निगम ग्वालियर विज्ञापन शाखा अन्तर्गत गैन्ट्री पैकेज 01 जी01 एडवरटाइजमेंट राइट्स फॉर अ लाइसेंस पीरियड ऑफ 10 वर्ष की तृतीय कॉल निविदा में महापौर के आदेश दिनांक 15.04.2026 पुनर्विचार कर निविदा प्रस्ताव स्वीकृति बावत् निगमायुक्त के प्रतिवेदन एवं नगर निगम ग्वालियर विज्ञापन शाखा अन्तर्गत गैन्ट्री पैकेज 02 जी02 एडवरटाइजमेंट राइट्स फॉर अ लाइसेंस पीरियड ऑफ 10 वर्ष की तृतीय कॉल निविदा में महापौर के आदेश दिनांक 15.04.2026 पुनर्विचार कर निविदा प्रस्ताव स्वीकृति बावत् निगमायुक्त के प्रतिवेदन पर चर्चा उपरांत उक्त दोनो प्रस्ताव स्वीकृत किये गये।

बैठक में द्वारिका नगरी योजनान्तर्गत पूर्व विधानसभा की 06 क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण (द्वितीय चरण) हेतु तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति बावत् निगमायुक्त के प्रतिवेदन पर चर्चा उपरांत स्वीकृत किया गया। इसके साथ ही द्वारिका नगरी योजनान्तर्गत ग्वालियर विधानसभा की 05 क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण हेतु तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति बावत् निगमायुक्त के प्रतिवेदन पर चर्चा उपरांत स्वीकृत किया गया।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 शहरी के ए.एच.पी. घटक अन्तर्गत मानपुर-2 पर नॉन-स्लम की डी.पी.आर. स्वीकृति बावत् निगमायुक्त के प्रतिवेदन पर चर्चा उपरांत स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही वेस्ट-टू-वंडर पार्क (ग्वालियर सफारी) में ठेका कैन्टीन संचालन 03 वर्ष के लिये निविदा शरायतों के अधीन स्वीकृति बावत् निगमायुक्त के प्रतिवेदन पर चर्चा उपरांत स्वीकृति प्रदान की गई।



### सिंधिया से मिले जीडीए उपाध्यक्ष गुप्ता, लिया मार्गदर्शन

**ग्वालियर14 मई.** ग्वालियर विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता ने केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से दिल्ली संचार मंत्रालय मे भेंट कर पुष्पगुच्छ भेंटकर एंव अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया तथा अपनी नियुक्ति के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुधीर गुप्ता ने सिंधिया से शहर के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की। जीडीए उपाध्यक्ष ने विकसित ग्वालियर अंचल हेतु संकल्पित विकास एंव जनसरोकार के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहने का संकल्प जताते हुए कहा कि सिंधिया का दूरदर्शी दृष्टिकोण, जनसेवा के प्रति समर्पण और निरंतर सक्रियता हमें सेवामार्ग के लिए प्रेरित करता है।

### माधव लॉ कॉलेज में 16 को होगा पूर्व छात्र पुनर्मिलन समारोह

**ग्वालियर 14 मई.** माधव विधि महाविद्यालय एवं शोध केंद्र में 16 मई को पूर्व छात्र सम्मेलन पुनर्मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में महाविद्यालय के लगभग 150 से 200 पूर्व छात्र शामिल होंगे। ग्वालियर सहित प्रदेश एवं देश के विभिन्न शहरों से भी बड़ी संख्या में पूर्व छात्र कार्यक्रम में सहभागिता करने पहुंचेंगे। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्व छात्रों को एक सूत्र में जोडना, पुरानी यादों को ताजा करना तथा संस्था के विकास में उनके सहयोग को और मजबूत बनाना है। आयोजन को लेकर महाविद्यालय में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कार्यक्रम का संचालन पांच अलग-अलग सत्रों में किया जाएगा। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं स्वागत उद्बोधन दिया जाएगा। बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता विद्यार्थियों एवं पूर्व छात्रों को संबोधित करेंगे।तृतीय सत्र मनोरंजन सत्र रहेगा, जिसमें पूर्व छात्रों के बीच विभिन्न प्रकार के खेल एवं रोचक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके बाद चतुर्थ सत्र तस्मै श्री गुरुवे नम: आयोजित होगा। जिसमें गुरुजनों का सम्मान कर उनका आशीर्वचन प्राप्त किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतिम एवं पंचम सत्र में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी, जिनमें नृत्य, संगीत एवं अन्य रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।


**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

शाखा : ओम कॉम्पलेक्स झांसी रोड़, ग्वालियर (म.प्र.)-474009, इंडिया Ph. No. 72477-70043
Email ID: jhagwa@bankofbaroda.co.in

**कब्ज़ा नोटिस [नियम 8(1)] अचल संपत्ति के लिए**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनणनर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकृत अधिकारी हैं और सुरक्षा हित के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए (प्रवर्तन) नियम 2002, उधारकर्ता को राशि चुकाने के लिए कहने पर डिमांड नोटिस जारी करता है नोटिस में उल्लेख किया गया है कि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर ऋण लेने वाले राशि चुकाने में विफल रहने पर, ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया गया है अधोहस्ताक्षरी ने शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्ज़ा ले लिया है सुरक्षा हित (प्रवर्तन) के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदान किया गया नियम, 2002 के तहत विशेष रूप से ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता और सामान्य रूप से जनता को लेनदेन न करने की चेतावनी दी जाती है संपत्ति के साथ और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन बैंक ऑफ बड़ौदा के शुल्क के अधीन होगा एक राशि जैसा कि नीचे दिखाया गया है और उस पर ब्याज।

| ऋणी का नाम व पता | संपत्ति का विवरण | मांग नोटिस दिनांक राशि व कब्जा दिनांक |
|---|---|---|
| **ऋणी- मैसर्स डी.के. इण्टरप्राईजेज** पता : सी-717, आनंद नगर बहोड़ापुर जिला-ग्वालियर, (म.प्र.)-474012 **प्रोप : श्री दीपक श्रीवास्तव** पता : एफ-7, जागृति नगर लक्ष्मीगंज गिर्द (म.प्र.)-474001 **जमानतदार : किरन श्रीवास्तव पत्नि श्री दीपक श्रीवास्तव** पता : एफ-7, जागृति नगर लक्ष्मीगंज गिर्द (म.प्र.)-474001 | **सम्पत्ति का विवरण -1 : श्री दीपक श्रीवास्तव-** शीर्षक दस्तावेज जमा कर समानुरूप बंधक ईएमडीटीडी के अंतर्गत नगर निगम मकान क्रमांक 1706, वार्ड क्रमांक 37 (भूमि सर्वे नं. 305 का भाग), स्थित तितूरीया कॉलोनी, मरघट खाना रोड के समीप, कोटा लश्कर लक्ष्मीगंज, तहसील एवं जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 500 वर्गफुट। **चतुर-सीमाएं : पूर्व** – संकरी गली, **पश्चिम** – विक्रेता की खुली भूमि, **उत्तर** – भारती का मकान, **दक्षिण** – राशी का मकान<br>**सम्पत्ति का विवरण -2 : श्रीमती किरन श्रीवास्तव पत्नी श्री दीपक श्रीवास्तव** – शीर्षक दस्तावेज जमा कर समानुरूप बंधक ईएमडीटीडी के अंतर्गत सर्वे नं. 155, 156, 207/1, 208/1, 209, 210, 211, 212, 213, 214 एवं 215 के भाग, वार्ड क्रमांक 06, प्लॉट क्रमांक 03, ब्लॉक-एफ, अचलेश्वर एन्क्लेव, ग्राम जगनापुरा, तहसील एवं जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 1050 वर्गफुट। **चतुर-सीमाएं : पूर्व** – प्लॉट क्रमांक 08, ब्लॉक-एफ, **पश्चिम** – कॉमन रोड, **उत्तर** – प्लॉट क्रमांक 02, ब्लॉक-एफए **दक्षिण** – प्लॉट क्रमांक 04, ब्लॉक-एफ | **मांग नोटिस दिनांक : 21-02-2026** ₹52,35,528.74/- +ब्याज एवं अन्य अतिरिक्त खर्चे **कब्जा दिनांक : 14-05-2026** |

स्थान : ग्वालियर    दिनांक : 14.05.2026    प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा



